Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 04-08-2005

Participants : Chandel Shri Suresh

>

Title: Need to set up P.G.I. hospital at Hamirpur, Himachal Pradesh. – Laid.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान हिमाचल प्रदेश की ओर आकर्ति करते हुए उनके ध्यान में लाना चाहता हूं कि वह पहाड़ी, पिछड़ा, दूरदराज का सीमावर्ती प्रदेश है। वहां विशेाज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पी.जी.आई. के स्तर की नहीं के बराबर है। मेरे लोक सभा क्षेत्र का जिला मुख्यालय हमीरपुर हिमाचल प्रदेश के बिल्कुल मध्य में स्थित है। अतः मेरा आग्रह है कि हमीरपुर में एक पी.जी.आइ. के समान स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया जाये। यदि फिलहाल यह संभव न हो तो कम से कम हमीरपुर के जिला अस्पताल में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलबध करायी जाये ताकि वहां के मरीजों का इलाज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पी.जी.आइ ि वशेाज्ञों से सलाह मशविरा करके किया जा सके। इससे दोहरा फायदा होगा। एक तो प्रदेश के लोगों को प्रदेश के अंदर ही चिकित्सा विशेाज्ञों की सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी और दूसरी ओर पी.जी.आइ में होने वाली भीड़ से भी मुक्ति मिल सकेगी।